हिबा किए हुए सामान को लौटाने वाला वैसा ही है, जैसे उल्टी को खाने वाला।

अब्दुल्लाह बिन अब्बास (रज़ियल्लाहु अंहुमा) कहते हैं कि अल्लाह के नबी (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) ने फ़रमायाः हिबा किए हुए सामान को लौटाने वाला वैसा ही है, जैसे अपनी
ही उल्टी को खाने वाला। और एक रिवायत में हैः जो अपने दान किए हुए सामान को वापस लेता
है, वह उस कुत्ते की तरह है, जो उल्टी करता है और फिर उसे खा लेता है।
[सह़ीह़] [इसे बुख़ारी एवं मुस्लिम ने रिवायत किया है।]

नबी (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) ने इस हदीस में दान की हुई वस्तु को वापस लेने से नफ़रत दिलाने के लिए एक ऐसा उदाहरण दिया है, जिससे हर इनसान को घिन आएगी। आपने बताया कि दान की हुई वस्तु को वापस लेने वाला व्यक्ति उस कुत्ते के समान है, तो उलटी करे और उसे दोबारा खा ले। यह उदाहरण यह बतलाने के लिए काफ़ी है कि यह अत्यंत घृणित कार्य है और इसे करने वाला व्यक्ति एक घटिया इनसान है।

https://sunnah.global/hadeeth/hi/show/6074